हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री
बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जून 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 लाखों की लागत से बनाई गई नहर मरम्मत के अभाव में हुई जर्जर



## खबर संक्षेप

### समस्या एवं मांगों के निराकरण को लेकर सम्भागायुक्त की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग अंतर्गत जिलों में सुशासन तिहार 2026 में प्राप्त समस्या एवं मांगों के निराकरण के सम्बंध में 12 जून को प्रातः 11 बजे सरगुजा संभागायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संभाग के समस्त जिलों के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने कहा गया है।

### तहसीलदारों, अति. तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों का प्रशिक्षण आज

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग अंतर्गत पदस्थ समस्त तहसीलदारों, अति. तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों का ऑनलाईन प्रशिक्षण 12 जून को प्रातः 11 बजे सरगुजा संभागायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। संभाग के समस्त जिले में पदस्थ तहसीलदार, अति. तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को ऑनलाईन प्रशिक्षण में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। इस सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया गया था। इसके पश्चात 20 मई को परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी करते हुए अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित थी। नियत तिथि तक प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों के निराकरण के पश्चात प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं की प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर तैयार कर लिया गया है। इसे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर प्रदर्शित कर दिया गया है।

### कुरवां ग्राम के महुआ तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत

**बिश्रामपुर।** घर से तालाब में स्नान करने की बात कहकर निकले ग्रामीण का शव गुरूवार को तालाब में पाया गया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुरुवां निवासी 55 वर्षीय रामदयाल बिंझिया पिता तुइल देवारी देसी जड़ी से ग्रामीणों का इलाज करता था। बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे वह घर से तालाब में स्नान करने की बात कहकर निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने रामदयाल बिंझिया का शव महुआ तालाब में ऊपर तैरता देखा गया, जिसकी सूचना पुलिस व परिजन को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## तातापानी क्षेत्र के कोटरहिटांड क्षेत्र में चल रहा कार्य

# नहर निर्माण के दौरान स्लैब टूटने से पलटी मशीन, दबकर ऑपरेटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज/बलरामपुर

**खास बात**
- गुणवत्ताहीन निर्माण के जांच की मांग

नहर निर्माण के दौरान हादसे में अजाक्स ऑपरेटर की मौत हो गई। निर्माण के दौरान नहर का सीमेंटेड स्लैब टूटने से मशीन पलट गई और उसपर मौजूद चालक मशीन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद मजदूरों व लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण के शव को बाहर निकाला गया। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं हादसे के बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है और लोगों ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि तातापानी थाना अंतर्गत कोटरहिटांड क्षेत्र में सिंदूर नदी तट पर सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए करोडो रूपए की लागत से नहर निर्माण का कार्य चल रहा है। काशीसोत नहर निर्माण कार्य के दौरान बुधवार की शाम लगभग 5-6 बजे के बीच उस समय हड़कंप मच गया जब नहर निर्माण कार्य में लगी अजाक्स मशीन अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। निर्माण में लगी अजाक्स मशीन जैसे ही पूर्व में निर्मित सीमेंटेड नहर ढक्कन( स्लैब) पर चढ़ी, स्लैब अचानक ही टूट गया और मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान मशीन को ऑपरेट कर रहा सनावल के ग्राम पचावल निवासी राम दयाल नीचे दब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों व लोगों ने ऑपरेटर को बचाने का प्रयास किया लेकिन भारी भरकम मशीन के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होने के कारण ज्यादातर मजदूर जा चुके थे अन्यथा घटना के दौरान मशीन की चपेट में आकर अन्य लोगों की भी मौत हो सकती थी।

घटना की सूचना मिलते ही जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। देर रात तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद मशीन के नीचे फंसे शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। प्रशासन द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह कार्य क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयासों से स्वीकृत सिंचाई परियोजना के अंतर्गत कराया जा रहा है। हादसे के बाद निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और लोगों ने दिवंगत चालक रामदयाल के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।


दुर्घटनाग्रस्त मशीन व क्षतिग्रस्त स्लैब।

### गुणवत्ताहीन निर्माण बनी वजह

इस घटना के बाद लोगों का आरोप है कि हादसे का मुख्य कारण काशीसोत जलाशय परियोजना के अंतर्गत लगभग तीन वर्ष पूर्व निर्मित कंक्रीट नहर में हुए कथित घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार है। यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हुआ होता तो सीमेंटेड ढक्कन मशीन का भार सहन कर सकता था और यह हादसा नहीं होता। लोगों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि प्रारंभिक आरोपों के अनुसार निर्माण गुणवत्ता में अनियमितता या भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है, तो दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं मृतक चालक के परिजनों ने उचित मुआवजा एवं न्याय की मांग की है।

# टहलने के लिए निकले शिक्षक को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत



**अंबिकापुर।** शाम को कालोनी के बाहर टहलने के लिए निकले शिक्षक को तेज रफ्तार बैक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर के तखतपुर ठाकुरकांपा निवासी 58 वर्षीय प्रदीप कश्यप उदयपुर केशगवां मिडिल स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। प्रदीप कश्यप बुधवार की देर शाम अपने शासकीय क्वाटर से बाहर टहलने के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने शिक्षक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिक्षक प्रदीप कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा दोनों को सीएचसी उदयपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल बाइक चालक उदयपुर पतरापारा निवासी भुनेश्वर राजवाड़े को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद शिक्षा जगत में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह ने बताया कि पीएम उपरान्त मृतक शिक्षक के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि दरिमा कुम्हरता निवासी 22 वर्षीय दीपेन्द्र सिंह घूमने के लिए रिश्तेदार के घर लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा आया हुआ था। इस दौरान देर रात लगभग 11-12 बजे वह घूमने के लिए निकला था। इसी बीच अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद उदयपुर पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और शून्य पर मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

# दुर्लभ रेडियोएक्टिव मूर्ति बेचने के नाम पर ठेकेदार से तीन करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, पटना रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया मास्टर माइंड, नगद व ऑनलाइन ली गई राशि

दुर्लभ रेडियो एक्टिव पैकिंग बेचने के नाम पर शहर के एक ठेकेदार से तीन करोड़ रूपए से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। गांधीनगर पुलिस ने इस मामले में यूपी और तेलंगाना के तीन आरोपियों को बिहार रेलवे पुलिस की मदद से पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने ठेकेदार को दुर्लभ रेडियोएक्टिव मूर्ति बेचने के नाम पर ठगी की थी।

बताया जा रहा है कि शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत गंगापुर खुर्द निवासी ठेकेदार 41 वर्षीय करमबेल कच्छप आ. लाल साय राम कच्छप ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 जुलाई 2023 से 30 सितम्बर 2024 के मध्य लोगों ने षड्यंत्रपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से फर्जी रिपोर्ट और रजिस्ट्रेशन दस्तावेज दिखाकर पुरानी दुर्लभ वास्तु रेडियो एक्टिव पैकिंग बेचने के नाम पर झांसा देकर ठगी की। आरोपियों ने ठेकेदार से 3 करोड़ 8 लाख 78 हजार रूपए की ठगी की। रेडियो एक्टिव तत्व के नाम पर ठगी की शिकायत को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश के बाद गांधीनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान साइबर सेल से तकनीकी जानकारी मिलने के बाद दो टीमों को पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश की ओर रवाना किया गया था। इस पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी ट्रेन से भाग रहे है जिसके बाद टीम ने रेलवे पुलिस की मदद से पटना रेलवे स्टेशन पर मुख्य आरोपी रत्नेश्वर घाट रोड गारुलिया थाना नौपाडा जिला हाल मुकाम कौशल्या मनिदीपम तेलंगाना निवासी 51 वर्षीय डाक्टर बल्ला रामा कृष्णा आ. बल्ला, यूपी वाराणसी मदुवाडीह जलाली पट्टी निवासी 38 वर्षीय संजय कुमार बिंद आ. बाबू लाल बिंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने मित्र बाबू लाल के साथ ⏭ शेष पेज 4 पर



### खाते में लिए दो करोड़ रूपए

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ठेकेदार को यह बताकर संपर्क किया था कि उनके पास एक ऐसी दुर्लभ मूर्ति है जिसमें रेडिएशन है और यदि इसकी जांच करा ली जाए तो कोई भी कंपनी उसके अरबों में उसकी कीमत अदा करेगी। रेडियोएक्टिव मूर्ति मिलने की लालच में आकर ठेकेदार ने ठगों को एक करोड़ रूपए नगद और दो करोड़ रूपए ऑनलाइन खाता के माध्यम से प्रदान किया लेकिन रूपए लेने के बाद आरोपियों ने ठेकेदार को मूर्ति देने के नाम पर बहाने बाजी शुरू कर दी। बड़ी बात यह है कि ठेकेदार को जिस मूर्ति के बारे में आरोपियों ने बताया था फिलहाल उसकी जानकारी सामने नहीं आ पाई है जबकि आरोपियों के खाते खाली थे जिससे ठगी के रकम की रिकवरी नहीं हो पाई। वहीं इन ठगों द्वारा क्षेत्र में अन्य लोगों के साथ ही करोड़ो रूपए की ठगी किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन अब तक शिकायतकर्ता सामने नहीं आए है।



## खबर संक्षेप



### ग्राम दरवनकरा में हुई सामाजिक सदभावना बैठक

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर और उपखण्ड जरही की सामाजिक सदभावना बैठक ग्राम पंचायत दवनकरा में सम्पन्न हुआ। बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों से अलग अलग 22 जाति समाज के समाज प्रमुख, वरिष्ठ गणमान्य उपस्थित होकर समाज में चल रही कुरीतियों को कैसे दूर करें , समाज को कैसे संगठित करें साथ ही आज समाज को तोड़ने वाले लोगों से कैसे जागरूक रहें आदि विषयों पर सभी ने अपना अपना वक्तव्य रखा। सामाजिक सदभाव बैठक में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य सभी धर्म के लोगों को एक साथ एक मंच पर एकजुट होकर सनातन धर्म को संगठित करना विभिन्न जातियों ,समुदाय, और समूहों के बीच आपसी विश्वास संवाद ,सहयोग को बढ़ावा देने साथ ही देश हित और राष्ट्र हित का काम करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिद्धि विनायक पांडे ने कहा कि सनातन धर्म ही सत्य और विभिन्न जातियों में बंटे जरुर है लेकिन हम सभी सनातनी हैं और एक परिवार के हिस्सा है। बैठक की अध्यक्षता दवनकरा गांव के बैगा पूरन राम ने किया। कार्यक्रम में 22 जाति समाज के प्रमुख लोग और 45 गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने ग्राम गाजर के ग्रामीणों से की चर्चा



**रामचंद्रपुर।** जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से प्रभावित ग्राम गाजर के ग्रामीणों से मुलाकात की तथा मामले में प्रक्रियात्मक खामियों के साथ एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। प्रतिनिधियों ने प्रभावित ग्रामीणों के दस्तावेजों का निरीक्षण किया तथा कहा कि कई परिवार वनभूमि पर तीन पीढ़ियों से निवासरत है तथा वन अधिकार पत्र के पात्र है। प्रतिनिधियों ने विभाग पर समुदाय विशेष के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया तथा कार्रवाई की निंदा की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिहर यादव, ब्लाक अध्यक्ष मोहन सिंह, नंदलाल सिंह, साधुचरण यादव, मोहम्मद बख्श, महेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### सीनियर सिटीजन फोरम की बैठक में पौधरोपण पर चर्चा



**अम्बिकापुर।** सीनियर सिटिजन फोरम सिविल राइट्स की मासिक बैठक बांकी डैम के पास फार्म हाउस में अध्यक्ष आईबी तिवारी के अध्यक्षता में मंगलवार को हई।बैठक के प्रारंभ में वरिष्ठ सदस्यों के स्वागत में पिछले माह के शेष बिन्दुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष श्री तिवारी ने पिछले माह के शेष विषयों और आगामी माह में फोरम द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा इस साल भी निर्धारित स्थानों पर अधिक से अधिक पोधरोपण करने का अह्वान किया। विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत सचिव रामेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में विष्णु प्रताप अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, जगदीश राय भूरिया, घनश्याम दास, श्रीनिवास केडिया, लक्ष्मी चंद्र तारा चंद्र गुप्ता, वीरेंद्र त्रिपाठी, रामचंद्र अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बस्ती के बीच गुजरे सहायक नहर पर किया गया अतिक्रमण

# लाखों की लागत से बनाई गई नहर मरम्मत के अभाव में हुई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

जीवन के लिए जितना पानी जरूरी है उतना ही खेती किसानी के लिए भी जरूरी है। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो तो बंजर जमीन पर खेती संभव है। परंतु पानी न हो तो उपजाऊ भूमि भी बंजर हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत पुहपुटरा सहित आसपास गांव की है। बस्ती से गुजरने वाले सहायक नहर की हालत जर्जर हो जाने से क्षेत्र के किसान अब बारिश के पानी से खेती किसानी करने पर निर्भर है। पहले जहां नहर में पर्याप्त पानी सप्लाई होने से किसान दोहरी फसल उगाते थे परंतु नहर पर अतिक्रमण होने व साफसफाई के अभाव में क्षेत्र के किसान बरसात के मौसम में खेती करने को मजबूर है।

**खास बातें**
- खेत तक नहर का पानी नहीं पहुंचने से किसानों को नहीं मिल रहा लाभ
- बरसात के पानी से खेती करने को मजबूर किसान

विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रजपुरी कला, सिरकोतगा, पुहपुटरा,परसोडी कलां सहित आसपास अन्य पंचायत के किसान पिछले 20 सालों से बारिश के पानी से सिंचाई के लिए निर्भर है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के गांव के खेत तक सिंचाई के लिए नहर की सुविधा नहीं है। सालों पहले सिंचाई के लिए नहर को बनाया गया था परंतु देखरेख के अभाव में नहर जर्जर हो चुकी है। सिंचाई विभाग द्वारा बीच-बीच में थोड़ा बहुत मरम्मत का नाम पर खानापूर्ति की गई परंतु जमीनी हकीकत कुछ और है। कुछ साल पहले बीच-बीच में पानी पहुंचाया जाता था परन्तु नहर की मरम्मत नहीं होने के कारण किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचता है। ग्राम पंचायत पुहपुटरा से सहायक नहर गुजरी है जहां नहर पर ही बीच बस्ती के कुछ लोगों द्वारा झोपड़ी घर बना दिया है। गांव के बीच बस्ती होने के कारण नहर के पट जाने से पानी का प्रवाह करने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है जिसे आसानी से पानी निकल सके परन्तु मरम्मत के अभाव के कारण मिट्टी से पट गया है। विभाग द्वारा 2023 इस सहायक नहर को बीच-बीच में मरम्मत कराने के लिए शुरुआत की परन्तु बीच में मरम्मत करके छोड़ दिया गया है। नहर की मरम्मत नहीं होने से शासन का महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर शो पीस बनकर रह गई है। बांध का पानी ग्रामीणों की खेती तक आसानी से पहुंचे इसके लिए लाखों की लागत से नहर का निर्माण कराया गया है। ग्राम पंचायत रजपुरी, सिरकोतंगा,पुहपुटरा ,कटकोना, आखरी छोर परसोड़ी कला तक जाता है जहां के किसानों के कई एकड़ भूमि सिंचाई हो सके। बांध का पानी लगभग 10 वर्ष तक नहर के आखिरी छोर गांव परसोड़ी कला तक पहुंचता था परंतु विभाग द्वारा समय-समय पर नहर की मरम्मत नहीं करने की वजह से नहर की हालत दयनीय हो गई है। आलम यह है कि नहर की मरम्मत नहीं होने से धीरे-धीरे नहर लाइनिंग खराब होने लगी है। विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण अब नहर के लाइनिंग से कई जगह झाड़ियां हो गए हैं जिससे नहर पूरी तरह ढक गई है। ऐसे में नहर सिर्फ शो पीस बनकर रह गई है। सिंचाई के लिए सालों से जूझ रहे किसानों की समस्या का निराकरण नहीं होने से किसान खेती किसानी के लिए सिर्फ बारिश पर निर्भर हैं।



बस्ती के बीच से गुजरे नहर पर किया गया अतिक्रमण।

**नहर का नहीं मिल रहा लाभ**

विकासखंड लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुहपुटरा जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी व जनपद पंचायत लखनपुर से 6 किलोमीटर दूर है। ग्राम पंचायत सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा गांव है साथ ही यहां का किसान खेती करने के लिए किसान बारिश पर निर्भर है। घुनघुटा बांध का निर्माण 30 वर्ष पहले हुआ था। बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद नहर के पट जाने तथा जर्जर होने के कारण किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**किसान नहीं ले पा रहे दोहरी फसल**

ग्राम पंचायत पुहपुटरा के किसानों को पिछले लगभग 20 साल से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने नहर सुधार करने की कई बार मांग की परंतु आज तक नहर की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में अधिकांश किसान खेती किसानी के लिए बारिश पर ही निर्भर है। बांध में पानी पर्याप्त है परंतु नहर के जर्जर होने के कारण क्षेत्र के किसान दोहरी फसल लेने से वंचित है। नहर की मरम्मत होती और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होती तो किसानों को दोहरी फसल उगाने से लाभ होता।

**जारी किया जाएगा नोटिस**

नहर पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नहर में जहां जहां मरम्मत व साफ सफाई की आवश्यकता होगी वहां मरम्मत व सफाई कराई जाएगी।

-अजय एक्का
सब इंजीनियर नहर विभाग



## कुदरगढ़ ग्राम पंचायत में लगाया गया सुशासन तिहार का अंतिम शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में अंतिम सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विकासखंड ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ अंतर्गत आयोजित इस शिविर में ओड़गी, कालामांजन, गिरजापुर, पालदनौली, इन्दरपुर, धुर, बभना, कुदरगढ़, भंवरखोह, आनंदपुर, करी, कुप्पी, धरसेड़ी, चपदा, रामपुर एवं बांक सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों के क्षेत्रवासी शामिल हुए।

- शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि सुशासन तिहार राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं शासन-प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र के समग्र विकास में सहभागी बनने की बात कही। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** महंगाई भत्ता सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को भोजन अवकाश के दौरान ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर के निर्णय एवं समस्त सहयोगी संघों की सहमति के अनुसार मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों के लिए की गई घोषणाओं को लागू कराने हेतु बुधवार को भोजन अवकाश के दौरान 6 बिंदुओं पर ध्यानाकर्षण मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष मनीष दीपक साहू, जिला सचिव महेश पैकरा, मयंका राजवाड़े, इकबाल अंसारी, आदित्य शर्मा, विन्देश गुप्ता, रवि पैकरा, एकांत जायसवाल, संदीप साहू , विजय टोप्पो, आशीष साहू, जितेश कुमार, उत्तम ढीरही, रोहित कुमार एक्का, राजकुमार यादव, शिवकुमार पंडो, विजय टोप्पो, उत्तम धिरहि, संदीप साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ ने किया हवन पूजन, पीएम के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम नरेंद्र मोदी के भारत वर्ष में सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान एवं सुशासन के 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर संत हरकेवल दुर्गा मंदिर

में महायज्ञ और पूजा आरती एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का आयोजन भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ सरगुजा के नेतृत्व में आयोजन को किया गया। यज्ञ समापन के उपरांत नगर के नागरिकों को संबोधित करते हुए निगम की महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री सबसे लंबे अवधि तक देश का नेतृत्व करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री हो गए हैं जिनके सुशासन के 12 साल में देश प्रगति पथ पर है उनके नेतृत्व में देश बेहतर चिकित्सा शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है साथी सुरक्षा के क्षेत्र में और भी मजबूती आई है। ननि सभापति आदरणीय हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आने को ऐसी जनकल्याणकारी योजना का जन-जन तक संचालन किया जा रहा है जो समाज के हर जरूरतमंद के लोगों तक बिना भेदभाव तक पहुंच रहा है जिससे आम लोगों में जीवन जीने में सहजता और सरलता हो रही है। भाजपा जग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला के संयोजक रविंद्र गुप्त भारती ने कहा की यज्ञ का आयोजन 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर किया गया। इन 12 वर्षों में देश विकसित भारत और राष्ट्र सर्वोपरि कल्पना की ओर आगे बढ़ रहा है आज की पूजा अर्चना का मुख्य उद्देश्य विश्व में युद्ध के वजह से सारे देश में अस्थिरता का वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम में आभार व्यक्त प्रदेश भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के सदस्य दीपक गर्ग ने किया। इस दौरान ननि पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, संतोष दास, आकाश गुप्ता, श्याम गुप्ता, अरुणा सिंह, शशिकांत जायसवाल, अनीता रविंद गुप्त भारती, रविकांत उरांव, प्रियंका पांडे, श्रीनिवास केडिया, राजकुमार सिंह, योगराज बाबरा, पवन शर्मा, अंजन सिंह, भारत भूषण तिवारी, निर्भय सिंह, कौशल्या यादव, सरस्वती यादव, सीमा कश्यप, योगेंद्र माथुर, अंजनी गुप्ता, कमलेश सिंह, राजेंद्र दुबे, कृष्ण ठाकुर, संजय सोनकर, सुब्रत मिश्रा, गीता सिंह, ललिता यादव, हेमा कंसारी, अनीता गिरी, अनिल तिवारी, रीजनल कश्यप, अवध लाल अन्य मौजूद थे।



### महिला मोर्चा की बैठक में मोदी सरकार के 12 वर्षों पर चर्चा

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने मं सक्रिय भूमिका निभाएं। फुलेश्वरी सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाई जाएगी। बैठक का संचालन प्रियंका चौबे तथा आभार प्रदर्शन नीलू गुप्ता ने किया। इस दौरान अरूणा सिंह, विनोद हर्ष, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए हनुमान मंदिर में किया गया हवन पूजन

**रामानुजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार 4399 दिन तक देश की सेवा कर सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित करने पर मंगलवार को हनुमान मंदिर भक्ति रस में सराबोर हो गया। जिला संगठन प्रभारी के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। हनुमान मंदिर में बुधवार प्रातः को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर मोदी के दीर्घायु, निरोगी एवं यशस्वी जीवन के लिए महाआरती की। आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भानु प्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, गौतम सिंह, अजय यादव, मंगलम पाण्डेय, मंजू भट्ट, अर्पणा दीक्षित, विजय प्रताप सिंह, गुरुदेव सिंह, रजनी सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**न्यायालय तहसीलदार दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण /ब-121/2026

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम :- टपरकेला थाना व तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती मनोज कुमार सिंह पिता कृतनारायण सिंह निसी ग्राम टपरकेला थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा उनके पिता कृतनारायण सिंह की मृत्यु दिनांक 07/11/2007 है, तथा स्थान टपरकेला में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 19/06/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
दरिमा, जिला-सरगुजा
(छ.ग.)

### पेंशनर समाज की मासिक बैठक सियान सदन में कल

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की बैठक 13 जून को सायं 4 बजे सियान सदन भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष द्वारा पेंशनर्स हित में दायर याचिका के निर्णय के साथ ही अन्य जानकारियां दी जाएंगी। इस दौरान लंबित 2 फीसदी महंगाई राहत के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण | टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग | नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श | बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज
SINCE 2008
WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़
9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़
9826183771

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं
सर्जरी सेवाएं
बवासीर (Piles)
फिस्टुला (Fistula)
फिशर (Fissure)
हाइड्रोसील (Hydrocele)
अपेंडिक्स (Appendix)
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल
M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### जरुरतमंदों को दी गई सामग्रियां

मनेन्द्रगढ़। एसीसीएल श्रद्धा महिला मंडल द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यों से प्रेरणा लेते हुए तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र द्वारा श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में श्रीमती सरोज बाला बिश्नोई के नेतृत्व में लेदरी, मनेन्द्रगढ़ में जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच राहत एवं उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा 20 हजार रूपए की सामग्री, जिसमें12 साड़ियां, 30 छाते, 30 गमछे तथा 50 फूड पैकेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस पुनीत एवं कल्याणकारी कार्य के सफल आयोजन में जागृति महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती सरोज बाला बिश्नोई, सचिव रूना मित्रा सहित कार्यक्रम में जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र की श्रीमती रंजीता कुमार, श्रीमती पूनम रानी, श्रीमती रूपा दत्ता, श्रीमती सुष्मिता मिश्रा, श्रीमती माला तिवारी, श्रीमती स्मिता प्रधान, श्रीमती रिचा, श्रीमती स्नेह नामदेव, श्रीमती सुमन झाकर की सहभागिता सराहनीय रही।

### पुलिस विभाग में फेरबदल, 104 अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले

अनूपपुर। जिले में पुलिस प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 104 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब द्वारा जारी आदेश में 6 उप निरीक्षक, 29 सहायक उप निरीक्षक, 44 प्रधान आरक्षक तथा 25 आरक्षकों को जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में नवीन पदस्थापना दी गई है। पुलिस अधीक्षक के पदभार ग्रहण करने के बाद से ही जिले के थानों और चौकियों में पदस्थ पुलिसकर्मियों के तबादलों की चर्चा चल रही थी। मंगलवार रात जारी सूची के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित यह प्रशासनिक बदलाव अमल में आ गया। जारी आदेश के अनुसार उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी को थाना कोतमा से चौकी सरई का प्रभारी बनाया गया है। दयावती मरावी को थाना राजेन्द्रग्राम से रामनगर, रंगनाथ मिश्रा को पुलिस सहायता केन्द्र देवहरा से थाना बिजुरी, विपुल कुमार शुक्ला को थाना बिजुरी से देवहरा चौकी प्रभारी तथा मंगल प्रसाद दुबे को चौकी सरई से थाना कोतमा भेजा गया है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने गुरुवार को जिला सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण योजनाओं, बाल संरक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त दावा-आपत्तियों का शीघ्र निराकरण करते हुए रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के 6 वर्ष तक के सभी बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर के कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ समन्वय कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि शत-प्रतिशत बच्चों का आधार पंजीयन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही वर्ष 2024 के बाद जन्म लेने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं आपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।



### आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं हों अनिवार्य

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी आंगनबाड़ी भवनों में आंतरिक एवं बाह्य विद्युत व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र में बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन 47 नए आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा करते हुए बताया कि 22 भवन पूर्ण हो चुके हैं। शेष 25 भवनों का निर्माण भी निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### बाल संरक्षण योजनाओं की भी समीक्षा

कलेक्टर ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह रोकथाम, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा बाल कल्याण से जुड़ी गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य, पोषण और भविष्य की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग की है।

कलेक्टर ने मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के घर-घर जाकर माताओं को पोषण संबंधी जानकारी दी जाए तथा अतिरिक्त पौष्टिक आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाए। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार नाश्ता और गर्म पका हुआ भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

# कोरिया में ऋण वितरण और वित्तीय समावेशन पर जोर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में बुधवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मार्च 2026 तिमाही के दौरान जिले के बैंकिंग कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक शशिभूषण पाठक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 656.81 करोड़ रूपए के ऋण वितरण लक्ष्य के विरूद्ध 619.99 करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया गया, जो 94.39 प्रतिशत उपलब्धि है। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए बैंकों को ऋण वितरण में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वर्तमान 36.40 प्रतिशत को बढ़ाकर न्यूनतम 40 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने



लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने सभी बैंकों को वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने तथा एनआरएलएम, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी, डेयरी, पशुपालन एवं अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी की भी समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि संस्थान ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1202 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

# 34 उच्च जोखिम गांवों में 82 आयुष्मान आरोग्य शिविर



बैकुण्ठपुर। जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन कर टीबी की पहचान और रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार मार्च 2026 से प्रारंभ हुए अभियान के 77 वें दिन तक जिले में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले के 34 उच्च जोखिम गांवों में अब तक 82 आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन, बीपी, शुगर, एनीमिया और बीएमआई जांच के माध्यम से लोगों की व्यापक स्क्रीनिंग की जा रही है, जिससे टीबी के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों की समय रहते पहचान संभव हो रही है।

# दोपहर बाद शाम को हुई बारिश

**बैकुण्ठपुर।** उमस भरी गर्मी के बीच गुरूवार की शाम कोरिया जिला मुख्यालय में कुछ देर की हल्की बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। इसी दिन अपरान्ह के समय जिले के चरचा क्षेत्र में भी बारिश हुई। 11 जून को सुबह से ही आसमान पूरी तरह से साफ रहे और दोपहर तक धूप खिली हुई थी, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादलों का डेरा जमने लगा और अपराह्न के समय जिले के कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इस दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री पर रही, वहीं न्यूनतम 23 डिग्री रही, इसके बावजूद उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ रहा। घरों में बिना कूलर के आराम नहीं मिूल रहा, जबकि पंखे तो गर्म हवा दे रहे हैं। इसी बीच राहत की बारिश शाम ढलने के दौरान होने से लोगों को उमस भर्री गर्मी से राहत मिली।



बारिश थमने के बाद मौसम खुशनुमा बना रहा और हवाओं के चलने से काफी राहत मिली।

नौतपा बीत गया और अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई, बावजूद उमस भरी गर्मी से लोगों को अभी राहत नहीं मिल पाई है, जब तक प्री मानसून की झमाझम बारिश की शुरूआत नहीं होती है, तब तक लोगों को उमस भरी गर्मी से बेहाल होना पड़ रहा है। दोपहर तक तेज धूप के असर के कारण शरीर चुभ रहा है और घर में भी उमस भरी गर्मी के कारण बिना कूलर के आराम नहीं है, ऐसे में अब जल्द मानसूनी बारिश की जरूरत है।

# जिपं अध्यक्ष ने सुनीं जन समस्याएं



मनेन्द्रगढ़। छग शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार 2026 का जिला स्तरीय अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर विकासखंड भरतपुर की ग्राम पंचायत उमरवाह में जनभागीदारी, सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। संवाद से संपूर्ण समाधान की भावना के साथ आयोजित इस शिविर में 13 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने सहभागिता कर शासन-प्रशासन के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। शिविर में ग्राम पंचायत शेरी, कुदरा, खाड़ाखोह, खेतौली, बहरासी, रामगढ़, मोहनटोला, मट्टा, लाखनटोला, जोलगी, अमरवाह, चुटकी एवं धोवाताल के ग्रामीण काफी संख्या में अपनी समस्याएं, मांगे और सुझाव लेकर पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीना सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती फूलबाई, कैलाश सिंह, धर्मपाल मरावी, एसडीएम शशिशेखर मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ अजय राठौर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### प्रभारी बीएमओं पर फर्जी यात्रा देयक आहरण करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी पर शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों के विपरीत यात्रा भत्ता आहरण के माध्यम से आर्थिक अनियमितता करने का आरोप लगाया है तथा जिला स्तरीय जांच दल गठित कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने बताया कि दरिमा सीएचसी के प्रभार खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा वित्तीय प्रावधानों की अवहेलना कर स्वयं का यात्रा भत्ता आहरण किया गया है। यात्रा भत्ता आहरण के लिए शासन की अनुमति आवश्यक है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा वैद्य अनुमति के बिना ही विभिन्न यात्राओं के देयक पर फर्जी देयक प्रस्तुत कर राशि आहरित की गई है। शासन के नियमानुसार इस तरह की गतिविधि अनियमितता एवं शासकीय राशि के दुरूपयोग की श्रेणी में आती है जिसकी जिला स्तरीय टीम से निष्पक्ष जांच जरूरी है।

### राष्ट्रपति भवन पंडोनगर में हुई शिक्षक-पालक-बालक बैठक



**मदनपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील से प्राप्त मार्गदर्शन अनुरूप पंडोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन में ग्राम सरपंच श्रीमती बसंती पंडो के नेतृत्व में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला पंडोनगर के पालक-शिक्षक एवं बच्चों के मध्य संवाद आयोजित की गई। बैठक में शैक्षिक सत्र 2026- 27 हेतु बच्चों की दर्ज संख्या की जानकारी लेते हुए शैक्षिक सत्र के दौरान आने वाली परेशानियों को बच्चों के माता श्रीमती इंदरमती पंडो, श्रीमती सुहारो पंडों, श्रीमती हीरामणि पंडो, सुप्रिया पंडों, शिवानी पंडो एवं सरपंच श्रीमती बसंती पंडो एवं बुधनाथ पंडो से जानने का प्रयास किया गया। उपस्थित बच्चों के माता तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने, बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने, विद्यालय से पढ़कर लौटकर आने पर उन्होंने पढ़ने बैठाने हेतु सहमति दी। विद्यालय की स्वच्छता एवं साफ सफाई सहित 16 जून से ही विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षक डायरी लेखन व उसी दिन से मध्याह्न भोजन बनाकर खिलाने को कहा गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह, संकुल प्राचार्य आईडी खलखो, बीआरपी पंकज सिंह, शिव खैरवार, अमलचंद दास, नवीन जॉन, श्रीमती सुसन्ना एक्का, कमलाभनी, पूनम राजवाड़े, श्रीमती सावित्री कुशवाहा, ज्योति कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार रवानी, विवेक कुमार तिग्गा, दीपक केरकेट्टा, ठाकुर प्रसाद, राकेश पटवा, राजकुमार गर्ग, सीमांचल त्रिपाठी, अनुजनगर, कैलाशपुर तथा सिलफिली संकुल के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के समस्त प्रधान पाठक, शाला विकास समिति के सदस्य सहित बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### चोरों ने मोबाइल दुकान का ताला तोड़ लैपटॉप मोबाइल सहित नगदी किया पार

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के अजबनगर में अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान और नगदी पार कर दिया है,घटना 10 जून की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एनएच-43 स्थित विक्रम मोबाइल दुकान के संचालक विक्रम दास पिता विष्णु दास ने जयनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोर दुकान में रखा एक लैपटॉप, बिक्री के लिए रखे आधा दर्जन सेकेंड हैंड मोबाइल फोन तथा दराज में रखे 4 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। रिपोर्ट के आधार पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा क्षेत्र के संदिग्ध चोर-बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### छुई नाला के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



**अम्बिकापुर।** चंदौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनारस मुख्य मार्ग पर स्थित छुई नाला के समीप बुधवार को देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे.में जा गिरी जिससे बाइक पर सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो युवक पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 30 जे 3419 पर सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे। छुईनाला के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के गड्ढे में गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में एक युवक की पहचान रामनगर निवासी प्रिंस के रूप में हुई है जबकि दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही चंदौरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## अधिकांश संस्थाओं में पाई गई खामियां

# होटल-रेस्टोरेंट एवं अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा नियमों की अवहेलना बन सकती है जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होटलों एवं अस्पतालों में शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों की अवहेलना बड़ी दुर्घटना के कारण बन सकते हैं। देश की राजधानी दिल्ली स्थित एक होटल में हुई आगजनी की घटना के बाद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित ऐसे संस्थानों में उपलब्ध सुरक्षा उपायों पर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि संभाग मुख्यालय की फायर बिग्रेड की टीम पूर्व से ही शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में फायर ऑडिट कर रही है लेकिन इसका कुछ खास प्रभाव पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

**खास बात**

- कर्मचारियों को नहीं है उपकरणों के परिचालन की जानकारी

वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए संभाग मुख्यालय में बहुमंजिला होटल, लॉज, रेस्टोरेंट, अस्पताल व्यवसायिक परिसर, मॉल, शादी घर आदि आकार ले रहे हैं। इन संस्थानों में भारी भीड़ भी उमड़ रही है। मुख्य मार्ग पर संचालित इन संस्थानों में से अधिकांश के पास न तो पार्किंग की सुविधा है न ही शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का ही पालन किया जा रहा है। कई संस्थान तो संकरी गलियों में संचालित हो रहे हैं जहां आपात स्थिति निर्मित होने पर आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना भी मुश्किल है। शहर के अधिकांश होटलों-रेस्टोरेंट एवं निजी अस्पतालों में मानक के अनुसार सीढ़ियों का निर्माण नहीं किया गया है। शासन के निर्देश पर अधिकांश संस्थानों में आग की घटना से निपटने के लिए उपकरण रखे गए हैं लेकिन परिचालन की जानकारी किसी भी कर्मचारी को नहीं है। कई संस्थानों में आपात स्थिति में निपटने के लिए अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं है। कहीं सुविधाएं है भी तो प्रबंधन ने कभी इसका परीक्षण नहीं किया। अग्निशमन के लिए पूर्व में लिए गए लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तो कही आग से सुरक्षा के लिए रखे गए उपकरण अनुपयोगी हो गए हैं। इस तरह की लापरवाही कभी भी घातक साबित हो सकती है। कहने के लिए फायर बिग्रेड की टीम शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत नियमित शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों की फायर ऑडिट करने के साथ ही लगातार नोटिस भी जारी कर रही है लेकिन दण्ड का प्रावधान नहीं होने के कारण लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। यह जानकर हैरानी हो सकती है कि सुरक्षा निर्देशों के पालन में निजी संस्थाएं तो लापरवाही कर रही हैं शासकीय संस्थान भी सुरक्षा निर्देशों की अवहेलना में पीछे नहीं है। फायर ऑडिट में कई शासकीय स्कूलो, अस्पतालों एवं कार्यालयों में भी बड़ी लापरवाही पाई गई है। शासन द्वारा नये नियमों के तहत होटलों के लिए हर कमरे में स्मॉक डिटेक्टर आवश्यक किया है जिसकी जमकर अवहेलना की जा रही है।



सुरक्षा उपकरणों की जांच करते फायर ब्रिगेड की टीम।

### 14 मीटर ऊंचे भवनों की सुविधा जरूरी

शासन द्वारा वर्ष 2016 के पूर्व 24 मीटर ऊंचे भवनों के लिए आग सहित अन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक आपातकालीन सुविधाओं को आवश्यक किया था। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं को देखते हुए शासन ने वर्ष 2016 में 14 मीटर ऊंचे सभी भवनों के आपातकालीन सुविधाओं को आवश्यक किया है। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार जिन भवनों में अधिक संख्या में लोगों की आवाजाही होती है वहां सीढ़ियों की चौड़ाई पर्याप्त होनी चाहिए। गलियारे की लंबाई अधिक होनी चाहिए साथ ही भवनों में आपातकालीन द्वार भी होना चाहिए ताकि आपात स्थिति निर्मित होने पर लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें। बहुमंजिला भवनों के लिए ओवर हेड या अंडरग्राउंड पानी टंकी एवं हाइड्रेंट भी आवश्यक है ताकि जरूरत पड़ने पर पानी का उपयोग किया जा सके।

#### हर महीने ऑडिट

संभागीय सेनानी के निर्देश पर फायर बिग्रेड की टीम पिछले एक साल से शहर सहित जिले भर के बहुमंजिला शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों की फायर ऑडिट कर रही है। फायर बिग्रेड के प्रभारी के अनुसार टीम हर सप्ताह दो दिन शहर सहित आसपास के इलाकों में फायर ऑडिट करती है तथा अब तक 500 से अधिक संस्थानों की ऑडिट कर चुकी है। टीम द्वारा ऑडिट में लापरवाही मिलने पर समझाइश एवं आवश्यक सुझाव भी दिए जाते हैं। ऑडिट के दौरान कई होटलों में फायर सिस्टम अनुपयोगी पाए गए हैं वहीं अधिकांश संस्थाओं में सिस्टम तो है लेकिन कर्मचारियों को परिचालन की जानकारी नहीं है। फायर बिग्रेड की टीम लापरवाही पर 100 से अधिक संचालकों को नोटिस भी जारी कर चुकी है। जिन खामियों के लिए टीम द्वारा नोटिस जारी की जाती है उसके पालन की जानकारी टीम को आगामी ऑडिट में मिलती है।

#### संकरी गलियां बड़ी चुनौती

पिछले दिनों राम मंदिर के पास संकरी गली में संचालित मुकेश पटाखा दुकान में हुई आगजनी की घटना से लोग अभी तक उबर नहीं पाए हैं। शहर में लगातार धड़ल्ले से अवैध निर्माण होने के कारण ऐसी गलियों की संख्या बढ़ते जा रही है। अवैध निर्माण के रोकथाम के लिए निगम ने बड़ी संख्या में कर्मचारियों को भी तैनात किया है लेकिन अवैध निर्माण नहीं रूक रहा है। संकरी गलियां सुरक्षा की दृष्टि से भविष्य में बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

#### लगातार किया जा रहा फायर ऑडिट

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में फायर बिग्रेड की टीम लगातार बहुमंजिला भवनों की फायर ऑडिट कर रही है। टीम द्वारा लापरवाही पर संचालकों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।

-एसके कठौतिया, जिला सेनानी होमगार्ड



### चंदेली जंगल में बने अवैध मकानों को ढहा हटाया गया अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत टुकुडांड सर्किल के चंदेली बीट में दो ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान के तहत वनभूमि में निर्मित मकान को जेसीबी से ढहाने के साथ ही ग्रामीणों द्वारा बनाए गए खेत को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

- प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत चंदेली बीट के कक्ष क्रमांक पी-68 में ग्राम सिलौटा निवासी महत्तम पिता रामचंद्र गोड़ एवं सुखन पिता विगन गोड़ 5 एकड़ वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे थे तथा कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे थे। पूर्व में वनकर्मियों द्वारा अवैध अतिक्रमण का विरोध करने पर ग्रामीण धमकी देते थे। अतिक्रमणकारियों की मनमानी पर विभाग द्वारा मामले में अपराध पंजीबद्ध करने के साथ कई बार अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी लेकिन अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा विभाग द्वारा वन अधिनियम 1972 की धारा 72 के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने को कहा गया लेकिन अतिक्रमणकारी चुप्पी साधे रहे। अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता देख विभाग द्वारा 5 जून को ग्राम पंचायत सिलौटा में मुनादी करा सार्वजनिक रूप से अंतिम बार 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई। निर्धारित समय गुजरने के बाद बुधवार को वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जेसीबी लेकर पहुंची तथा वनभूमि पर बने अवैध मकानों को ध्वस्त करा दोनों ग्रामीणों के कब्जे से 5 एकड़ वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान उपवन मण्डलाधिकारी, परिक्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में वन व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### राजमोहिनी देवी संस्थान ने निकाली जनजागरण रैली, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्थान गोविंदपुर द्वारा माता राजमोहिनी देवी की उत्तराधिकारी माता रामबाई व संत गहिरा गुरू सनातन संत आश्रम के अध्यक्ष बबरू वाहन के नेतृत्व में बुधवार को नशा मुक्ति जन जागरण रैली निकाली गई। रैली राजमोहनी देवी भवन से शुरू होकर अम्बिकापुर कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंची जहां राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व राजमोहिनी भवन में आमसभा की गई जिसमें बबरू वाहन महाराज ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी और संत गहिरा गुरू ने समाज को मांस-मदिरा त्यागने का संदेश दिया है। हम सभी का दायित्व है कि उनके बताये मार्ग पर चलकर सर्व समाज इन बुराइयों का त्याग करें। जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री लखन सिंह पैकरा ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि माता राजमोहनी देवी एवं संत गहिरा गुरू जैसे महान संतों का आशीर्वाद, मार्गदर्शन व प्रेरणा हमें मिली। समाज में परिवर्तन लाने के लिए हमें उनके संदेशों को याद रखना होगा। पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि समाज को समय-समय पर एकजुट करने के लिए संतों की वाणी का स्मरण करते रहना चाहिए। राजमोहनी देवी सेवा संस्थान के अमृत सिंह मराबी तथा त्रिभुवन सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान परमेश्वर सिंह मरकाम, श्रीमती अरूणा सिंह, सहदेव भगत, कमला प्रसाद सिंह, धर्म सिंह, संतोष दास, बिहारीलाल उरांव, दिनेश पावेल तथा कमलेश टोप्पो, सुदामा प्रसाद आयाम, दोहन प्रसाद नेताम, धनी सिंह, रामकरण सिंह, नंदू सिंह कामरों, लक्ष्मण सिंह आयाम, हरिहर अर्जुन, शंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में संस्थान के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा अनुयायी उपस्थित थे।



### गेउर नदी पुल पर हाइवा खराब होने से आधे घंटे तक लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



एनएच-343 के अंबिकापुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह गेउर नदी पुल के पास एक गिट्टी से लोड हाईवा के अचानक खराब हो जाने से लगभग आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। इस दौरान पुल की संकरी जगह पर पीछे से आ रही एक यात्री बस हाईवा से सटकर फंस गई, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि समय रहते पुलिस, प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयास से स्थिति पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7.20 बजे गिट्टी लेकर राजपुर की ओर आ रहा हाईवा जैसे ही गेउर नदी पुल के पास पहुंचा तभी वाहन में तकनीकी खराबी के कारण बीच मार्ग में खड़ा हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रही एक यात्री बस पुल की संकरी जगह के कारण हाईवा के पास फंस गई। बस और हाईवा के एक साथ खड़े हो जाने से दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर यात्री बसों, छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद बस को सुरक्षित निकाला गया। इसके बाद पुलिस विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से खराब पड़े हाईवा को पुल से हटवाया। करीब आधे घंटे बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका और जाम में फंसे वाहनों को क्रमवार रवाना किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गेउर नदी पुल में काफी सड़क खराब और संकरा है, जिसके कारण इस तरह की स्थिति अक्सर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### सर्पदंश से महिला की मौके पर ही गई जान

**राजपुर।** जिले में बारिश और बदलते मौसम के बीच जहरीले सांपों का आतंक शुरू हो गया है। राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धंधापुर के डुमरपारा में 26 वर्षीय देवमती मरावी की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रात करीब 2 बजे से सुबह 10 बजे के बीच सांप ने सोते समय देवमती को डस लिया, लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लगी। सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद जब कमरे की तलाशी ली गई तो वहीं जहरीला सांप दिखाई दिया। परिजन ने हिम्मत दिखाते हुए सांप को पकड़ भी लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

# शहीद विद्याचरण शुक्ल को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली

**अंबिकापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. शहीद विद्याचरण शुक्ल की 13 वी पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 2013 को 25 मई को झीरम घाटी हमले में गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत इलाज के दौरान 11 जून 2013 को उनकी मृत्यु हो गई थी। अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. रविशंकर शुक्ल के छोटे पुत्र स्व. विद्याचरण शुक्ल राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। अलग छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया। पार्टी में उनके योगदान को याद करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि विद्या भैया का राजनीतिक चरित्र इस दृष्टि से आज के परिपेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ आमजन की निः स्वार्थ सहायता के लिए लोकप्रिय थे। उनके विषय में यह बात लोकप्रिय थी की कोई व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में खड़े होकर उनसे सहायता की उम्मीद करे तो उसकी जरूरत वो पूरी करते थे, इसी लिये वो आमजन और कार्यकर्ताओं के दिलों पे राज करते थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने किया। सभा को मो इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, लोकेश कुमार, रजनीश सिंह ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, एपी सांडिल्य, संजय सिंह, जमील खान, प्रमोद चौधरी, मो हसन, लुकस एक्का, बल्केश्वर तिर्की, निकी खान, अमित सिंह, विकास केशरी, शिवराज सिंह, लखन मरावी, केदार यादव, वीरेंद्र सिन्हा, बिखन राम, शोभनाथ गुप्ता मौजूद थे।



#### क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल को किया याद

सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल मे है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है का नारा देने वाले अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। 19 दिसंबर 1927 को काकोरी कांड के महानायक को 30 वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजों ने फाँसी की सजा दे दी थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. राजेश पायलट को उनकी 26 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आज ही के दिन सन 2000 में उनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। एयरफोर्स की नौकरी छोड़ 6 बार सांसद बने राजेश पायलट का वास्तविक नाम राजेश कुमार विधूड़ी था। वे कांग्रेस महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट के पिता थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# दिव्यांग अतवारो की पुकार पहुंची प्रशासन तक, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मिलने पहुंचे घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खबर का असर**



भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत राई के माझापारा निवासी 60 प्रतिशत दिव्यांग युवती अतवारो देवांगन की समस्याओं को लेकर प्रकाशित समाचार का असर दिखाई देने लगा है। वर्षों से दिव्यांग पेंशन और सहायक उपकरण के लिए संघर्ष कर रही अतवारो की आवाज आखिरकार प्रशासन तक पहुंच गई। खबर प्रकाशित होने के बाद समाज कल्याण विभाग हरकत में आया और अधिकारियों की टीम स्वयं उनके घर पहुंची।

- एक साल की लंबित पेंशन मिलेगी एकमुश्त, व्हीलचेयर भी उपलब्ध कराई गई

गुरुवार को जिला उपसंचालक समाज कल्याण आलोक भुआल के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने राई माझापारा पहुंचकर अतवारो देवांगन एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और उनकी वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अतवारो देवांगन को पिछले एक वर्ष की लंबित दिव्यांग पेंशन की राशि करीब 6 हजार रुपये एकमुश्त प्रदान की जाएगी। वहीं, उनके आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए विभाग की ओर से व्हीलचेयर उपलब्ध करा दी गई है, जिससे उन्हें दैनिक कार्यों में सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रकाशित समाचार में अतवारो देवांगन की पीड़ा को प्रमुखता से उठाया गया था। खबर में बताया गया था कि 60 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद उन्हें न तो नियमित दिव्यांग पेंशन मिल रही थी और न ही आवागमन के लिए आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया था। आर्थिक तंगी और शारीरिक चुनौतियों के बीच उनका परिवार लंबे समय से सरकारी सहायता का इंतजार कर रहा था। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग की त्वरित कार्रवाई से परिवार में उम्मीद जगी है। परिजनों ने प्रशासन और समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें बड़ी राहत मिली है।

## पेज 1 के शेष...

### दुर्लभ रेडियोएक्टिव मूर्ति बेचने के...

मिलकर ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास से एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं मोबाईल जब्त किया गया। जांच में भी आरोपियों द्वारा 3 करोड़ 8 लाख 78 हजार रूपए के ठगी की पुष्टि हुई। इस दौरान पुलिस ने वाराणसी पिंडरा कृष्णानगर बेलरिया निवासी 55 वर्षीय बाबूलाल राजभर आ. स्व. राजाराम को बनारस से हिरासत में लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 318(4), 317(4), 111, 61(2), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, अमृत सिंह, रिषभ सिंह, अतुल सिंह, विकास सिंह साइबर सेल से सउनि अजीत मिश्रा, आरक्षक रमेश राजवाडे तथा रेल्वे सुरक्षा बल बिलासपुर से उपनिरीक्षक डीके सिंह, प्रधान आरक्षक रजनीश द्विवेदी, आरक्षक वैद्यनाथ सक्रिय रहे।

